# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**
**फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601**
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4896 / कार्य-09 / 171 दिनांक 01/08/26

**सेवा मे,**
मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कमालगंज गाँव खुदागंज में आधे ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे, शिकायतें अनसुनी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"कमालगंज गाँव खुदागंज में आधे ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे, शिकायतें अनसुनी"** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज में वर्तमान में उच्चजलाशय, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 7686 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 2389 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित 931 नग गृहसंयोजनों के सापेक्ष 650 नग गृहसंयोजनो का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में सड़क निर्माण करने हेतु पी0डबलू0डी0 विभाग द्वारा वितरण प्रणाली की मेन लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस कारण से ग्राम मे पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसे मरम्मत करने एवं पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू करने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि उक्त ग्राम में अवशेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करायें । जिससे ग्रामवासियों को पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

**आख्या सादर प्रेषित।**
**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**(मो0 कासिम हाशमी)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**
1. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**
**फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601**
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4896 / कार्य-09 / 171 दिनांक 01/08/26

**सेवा मे,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कमालगंज गाँव खुदागंज में आधे ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे, शिकायतें अनसुनी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"कमालगंज गाँव खुदागंज में आधे ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे, शिकायतें अनसुनी"** के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम खुदागंज विकास खण्ड कमालगंज में वर्तमान में उच्चजलाशय, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में प्रस्तावित 7686 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 2389 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित 931 नग गृहसंयोजनों के सापेक्ष 650 नग गृहसंयोजनो का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में सड़क निर्माण करने हेतु पी0डबलू0डी0 विभाग द्वारा वितरण प्रणाली की मेन लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है जिस कारण से ग्राम मे पेयजल आपूर्ति बाधित है जिसे मरम्मत करने एवं पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारू करने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि उक्त ग्राम में अवशेष कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करायें । जिससे ग्रामवासियों को पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

**आख्या सादर प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**(मो0 कासिम हाशमी)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन अधूरा, आधे गांव को नहीं मिला पानी: कमालगंज के गांव खुदागंज मे आधे ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरस रहे, शिकायतें अनसुनी

आयुष | खुदागंज(सदर), फर्रुखाबाद
3 दिन पहले



कमालगंज विकास खंड के खुदागंज गांव में जल जीवन मिशन योजना का कार्य अधूरा होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा काम बीच में छोड़ दिए जाने से गांव के कुछ हिस्सों में ही पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि आधे गांव के लोग अभी भी पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों के अनुसार, योजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन देने और पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था। हालांकि, कई स्थानों पर पाइपलाइन का कार्य अधूरा पड़ा है। कहीं पाइपलाइन बिछाई गई है तो उसे मुख्य लाइन से नहीं जोड़ा गया है, जिसके कारण गांव के एक हिस्से में पानी पहुंच रहा है, जबकि दूसरे हिस्से में नलों से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीण प्रदीप कुमार, सुमित ठाकुर, रामनरेश शर्मा, लालाराम कश्यप और विनोद शर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और ग्राम प्रधान शशिलता से शिकायत की है। इसके बावजूद, समस्या का अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे काम के कारण सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्राम प्रधान शशिलता ने इस संबंध में बताया कि जल जीवन मिशन का कार्य संबंधित विभाग और कार्यदायी संस्था द्वारा कराया गया है। उन्होंने गांव में काम अधूरा होने की जानकारी अधिकारियों को दी है। प्रधान ने कहा कि विभागीय अधिकारी विनोद कुमार एरिया से बातचीत कर अधूरा कार्य पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि गांव के सभी घरों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। वहीं, जल जीवन मिशन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि खुदागंज गांव में योजना के कार्य की जांच कराई जाएगी। जहां पाइपलाइन या अन्य कार्य अधूरा है, उसे पूरा कराने के लिए संबंधित ठेकेदार और कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए जाएंगे। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों को योजना का पूरा लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर अधूरा कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है।

Scanned with OKEN Scanner